चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा/ 7907
दिनांक: 19.05.2023

अति–आवश्यक/शीर्ष प्राथमिकता

सेवा में,

समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/संस्थान,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2023 एवं एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षायें आयोजित करायी जा रही हैं।

कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अवगत कराया गया है कि महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा परीक्षा ड्यूटी से बचने हेतु ग्रीष्मावकाश का उपभोग किये जाने हेतु अवकाश के लिये आवेदन किया जा रहा है। सन्दर्भित परिस्थितियों में परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं है।

सूच्य है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शैक्षिक सत्र को नियमित किये जाने के सम्बन्ध में समय–समय पर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किये जाते रहे हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा सन्दर्भित परीक्षाओं को यथाशीघ्र सम्पन्न कराया जा रहा है।

अतः सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने में महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से परीक्षाओं में सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

भवदीय,

19/05/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा, मेरठ को सूचनार्थ।

19/05

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)